दिनांक : 14.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- देशभर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, रंगो का त्यौहार- होली।
- प्रदेश में अजीविका मिशन के तहत 5 लाख से अधिक स्वय सहायता समुह का गठन, 62 लाख से अधिक महिलाओ को मिल लाभ।
- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 मार्च कर दी गई है।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 47 रन से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

होली देश

रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। कल होलिका दहन के साथ इस त्यौहार की शुरूआत हुई। आज धुलेंडी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने संदेश में कहा कि यह त्यौहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने होली के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्योहार सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा भरेगा तथा देशवासियों में एकता के रंग भी और गहरे करेगा।

होली प्रदेश

प्रदेश में भी होली का त्योहार पुरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। कल रात होलिका दहन के बाद लोग रंग गुलाल से होली खेल रहे हैं। भोपाल में करीब 1500 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस पावन पर्व को आपसी सद्भाव, प्रेम और भाईचारे के उत्सव के रूप में मनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास मे होलिका दहन किया और प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होली पर हम सभी देश और समाज के प्रति अपने अमूल्य योगदान की सिद्धि का संकल्प लें।

स्व-सहायता समूह ग्रामीण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। स्व सहायता समूह हमारे प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनके सशक्तिकरण से न केवल महिलाओं की स्थिति मजबूत होगी, बल्कि राज्य की समग्र प्रगति भी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कल भोपाल स्थित अपने निवास पर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए है कि स्व-सहायता समूहों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन एवं जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर आत्मनिर्भर बनकर समृद्धि की ओर बढ़ें। बैठक में बताया गया कि म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 5 लाख 3 हजार 145 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन स्व-सहायता समूहों से 62 लाख 30 हजार 192 महिला सदस्य जुड़ी हैं और सरकार की आजीविकास विकास योजनाओं से लाभान्वित हो रही हैं।बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित विभागो के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

वन्य जीवों कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन्य जीवों के कल्याण के लिए सभी प्रयास किए जाएं। साथ ही वन्य जीवों की फसल हानि भी रोकने के लिए भी सभी उपाय किए जाए। इससे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति की 15वीं आमसभा की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होने कहा कि प्रदेश के वनों में रह रहे हाथियों के कल्याण की भी चिंता करें। इनके भोजन की व्यवस्था करें। घास के मैदान बनाएं ताकि वे भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्रों में यहां-वहां न भटकें। उन्होंने कहा कि वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

विधानसभा निर्देश

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने विधानसभा के सभी सदस्यों से असंसदीय शब्दावली तथा व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप से बचने की सलाह दी हैं। उन्होने कल विधानसभा में कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा की एक गरिमामय परंपरा रही है। जिसके कारण मध्यप्रदेश की विधानसभा की प्रतिष्ठा देश भर में अग्रणी स्थान पर रहती है, लेकिन कई बार शब्दावली ऐसी हो जाती है जो उचित नहीं कही जा सकती है और इसलिए हम सबका यह प्रयत्न होना चाहिए कि शब्दावली में सुधार हो और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से बचा जाए। उन्होने सदन की कार्यवाही के दौरान कुछ सदस्यों द्वारा कहे गए असंसदीय शब्दो को विलोपित करने के भी निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 मार्च कर दी गई है। पहले ये तिथि 12 मार्च थी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में देश के युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है। विदिशा में शासकीय आईटीआई प्राचार्य एपी श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना में 21 से 24 वर्ष के बीच आयु के युवा जो पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा मे नहीं है, एवं जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल, हायर सेकन्डेरी स्कूल, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक किया है वे अभ्यर्थी इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं।

प्रेरणा विद्यार्थी

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने "प्रेरणा" एक अनुभावात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। भोपाल के 2 विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जुड़ने का मौका मिला है। इन विद्यार्थियों ने कार्यक्रम से अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करने के साथ एक अच्छे नागरिक बनने के गुण भी सीखे हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रेरणा कार्यक्रम में भोपाल के चयनित 2 विद्यार्थी छात्रा मुस्कान मालवीय पीएमश्री स्कूल बरखेड़ा और छात्र आशुतोष द्विवेदी महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल पिपलानी ने 7 दिन गुजरात के बड़नगर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनके साथ शिक्षक सुश्री भूमेश्वरी पारधी ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

महिला प्रीमियर लीग-क्रिकेट

मुंबई में कल रात महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 47 रन से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 213 रन बनाए। हिली मैथ्यूज और साइवर-ब्रंट ने 77-77 रन की पारी खेली। जवाब में, गुजरात जायंट्स की टीम 19 ओवर और दो गेंद में केवल 166 रन पर आउट हो गई। हिली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुंबई में कल फाइनल में मुंबई इंडियंस का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल स्थित एम्स में कैंसर पीड़ित बच्चों ने रंग गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त बच्चों ने होली सेलिब्रेशन के दौरान जमकर मस्ती की और केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई ।
- इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर 15 मार्च से गेहूं खरीदी के लिए 91 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। जिले में 31 हजार 280 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।
- विदिशा जिले के अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी अनिल कुमार डामोर ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा दायर एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए 90 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया हैं।
- शिवपुरी जिले की सर्किल जेल में होली के बाद भाई दूज पर बंदियों से बहिनों की मुलाकात 16 मार्च को कराई जाएगी।
- विश्व किडनी दिवस पर कल गुना जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गुर्दे से जुड़ी बीमारियों और उनके बचाव के प्रति जागरूक करना था।
- कटनी जिले में पर्यावरण संरक्षण और गोशालाओं की समृद्धि के लिए लकड़ियों की जगह गोबर से बने कंडो की होली जलाई गई है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- देशभर में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, रंगो का त्यौहार- होली।

- प्रदेश में अजीविका मिशन के तहत 5 लाख से अधिक स्वय सहायता समुह का गठन, 62 लाख से अधिक महिलाओ को मिल लाभ।
- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 मार्च कर दी गई है।
- महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 47 रन से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।